# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 29 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र कहां बनाया गया है?

**(A) बीकानेर**

(B) जोधपुर

(C) अजमेर

(D) जयपुर

*भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने देशभर के 17 संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण समझौता किया है, जिसमें राजस्थान का प्रतिनिधित्व 'अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर' द्वारा किया गया।*

*यह ग्रंथालय अब राज्य का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र बन गया है।*

*दिल्ली स्थित राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में आयोजित समारोह में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में 12 राज्यों के प्रतिनिधि संस्थान और 5 प्रतिष्ठित संगठन शामिल हुए।*

**01. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), जयपुर की नवीन सचिव कौन होंगी?**

(A) प्रीति माथुर

(B) राधा शर्मा

(C) आरती चौधरी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- दिनेश कुमार शर्मा के स्थान पर श्रीमती प्रीति माथुर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), जयपुर की नवीन सचिव होंगी
- इनसे पहले हाल ही में दिनेश कुमार शर्मा को डॉ. भागचंद बधाल के स्थान पर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) का नया सचिव नियुक्त किया गया है।
- डॉ. भागचंद बधाल को अतिरिक्त आयुक्त, जेडीए जयपुर के पद पर स्थानांतरित किया गया था

**02. केंद्र सरकार ने राजस्थान के जोधपुर में वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए कितने करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है?**

(A) 120 करोड़ रुपये

(B) 195 करोड़ रुपये

(C) 360 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार ने राजस्थान में वंदे भारत कोच मेंटेनेंस डिपो के विस्तार के लिए 195 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।
- उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा इस परियोजना के लिए रेलवे बोर्ड को 195 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। इसके तहत वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के मेंटेनेंस डिपो का विस्तार, बहुद्देश्यीय वर्कशॉप और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण किया जाएगा
- वर्तमान में जोधपुर के भगत की कोठी वाशिंग लाइन के पास 167 करोड़ रुपये की लागत से डिपो निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह वही परियोजना है, जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 फरवरी 2024 को किया था।

**03. राजस्थान सरकार राज्य के कितने संभागीय मुख्यालयों पर घूमर महोत्सव का आयोजन करेगी?**

(A) 5

(B) 7

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार राज्य के सभी सात संभागीय मुख्यालयों पर घूमर महोत्सव का आयोजन करेगी।
- अधिकारियों ने बताया कि इन महोत्सवों में महिलाएं और 12 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियां भाग ले सकेंगी।
- यह महोत्सव 19 नवंबर को अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर में एक साथ आयोजित किया जाएगा।
- घूमर राजस्थान का पारंपरिक लोक नृत्य है, जो अपनी मनोहारी मुद्राओं के लिए प्रसिद्ध है।

04. राजस्थान में मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया कब से शुरू हुई है?

(A) 26 अक्टूबर

(B) 27 अक्टूबर

(C) 28 अक्टूबर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हुई है, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने यह जानकारी दी।
- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम देश में चरण-2 में 12 राज्यों में SIR शुरू होगा जिसमें राजस्थान भी शामिल है। प्रदेश में 28 अक्टूबर 2025 से सात फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया चलेगी।
- 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।"
- राज्य में 2025 की वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार पांच करोड़ 48 लाख 84 हजार 827 मतदाता है

05. हाल ही में भारतीय सेना की पहली भैरव बटालियन की पहली सैन्य टुकड़ी कहां तैनात है?

(a) राजस्थान

(b) गुजरात

(c) पंजाब

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के पश्चिमी मोर्चे पर लौंगेवाला युद्धक्षेत्र में भैरव बटालियन की पहली सैन्य टुकड़ी तैनात है
- भैरव बटालियन 1 नवंबर से भारतीय सेना में आधिकारिक रूप से तैनात होने वाली है। ये हल्के और घातक कमांडो बटालियनें हैं। भैरव बटालियन घातक हमलों और उच्च-तीव्रता वाले युद्ध अभियानों के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित है।
- भारतीय सेना की पहली भैरव बटालियन 1 नवंबर को तैनाती के लिए तैयार हो जाएगी। अगले छह महीनों में विभिन्न शाखाओं से 250 कर्मियों वाली कुल 25 ऐसी बटालियनें बनाई जाएंगी

06. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 23 से 25 अक्टूबर तक जैसलमेर में आयोजित आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में किस एप को लॉन्च किया?

(A) सैनिक यात्री मित्र एप

(B) सेना मित्र एप

(C) सैनिक सुरक्षा एप

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 23 से 25 अक्टूबर तक जैसलमेर में आयोजित आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में भी भाग लिया, जहां वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ ग्रे ज़ोन वॉरफेयर, आत्मनिर्भरता, जॉइंटनेस और इनोवेशन जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।
- इस दौरान रक्षा मंत्री ने सेना से जुड़े कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की।
- कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने नमन सेंटर, सैनिक यात्री मित्र एप और इक्विपमेंट हेल्पलाइन एप लॉन्च किए। इन पहलों का उद्देश्य सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधा और सहायता प्रदान करना है।

07. नई दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में राजस्थान की किस टीम ने गोल्डन ट्रॉफी अपने नाम की है?

(A) राजपूताना रॉयल्स

(B) राजस्थान रॉयल्स

(C) राजपूताना टाइगर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- दुनिया की पहली आर्चरी प्रीमियर लीग दिल्ली में आयोजित हुई। 2 से 12 अक्टूबर तक आयोजित इस लीग में राजपूताना रॉयल्स राजस्थान की टीम चैंपियन बनी।
- खास बात यह है कि इस टीम में राजस्थान से सिर्फ एक खिलाड़ी स्वाति दूधवाल शामिल थीं।
- दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीरंदाजी प्रीमियर लीग के पहले संस्करण का फाइनल राजपुताना रॉयल्स और पृथ्वीराज योद्धा के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। रॉयल्स ने शानदार शूट-ऑफ में खिताब अपने नाम किया।

**08.राजस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का ट्रायल किस शहर में शुरू किया गया है?**

(A) जयपुर

(B) कोटा

(C) उदयपुर

(D) जोधपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम के परिचालन की शुरुआत कर दी गई है। उदयपुर में शुरू हुए इस ट्रायल का उद्देश्य शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कुशलता से नियंत्रित करना और वाहन चालकों को समय की बचत के साथ-साथ राहत प्रदान करना है।
- इस सिस्टम के तहत चौराहे पर मौजूद लेनों में वाहन संख्या के आधार पर AI सिग्नल को नियंत्रित करेगा। यानी जिस लेन में वाहन अधिक होंगे, उस लेन की रेड लाइट को स्वचालित रूप से ग्रीन सिग्नल दे दिया जाएगा।
- उदयपुर में शुरू हुए इस ट्रायल की सफलता के बाद पूरे राज्य में AI आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का विस्तार किया जाएगा, जिससे शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक आधुनिक और स्मार्ट बनेगी।

**09. हाल ही में एक्सरसाइज Ocean Sky 2025 में भाग लेने वाला पहला गैर-नाटो (Non-NATO) देश कौन बना है?**

(A) जापान

(B) भारत

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) दक्षिण कोरिया

**Important Facts:**

- भारत ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह एक्सरसाइज ओशन स्काई 2025 (Exercise Ocean Sky 2025) में भाग लेने वाला पहला गैर-नाटो (Non-NATO) देश बन गया है।
- यह एक बहुराष्ट्रीय वायु युद्धाभ्यास है, जिसका आयोजन स्पेनिश वायुसेना द्वारा गांडो एयर बेस (कैनरी द्वीप, स्पेन) में 20 से 31 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है।
- भारतीय वायुसेना (IAF) इस अभ्यास में 96 सदस्यीय दल और चार सुखोई Su-30MKI लड़ाकू विमानों के साथ भाग ले रही है। इस अभ्यास में अमेरिका, ग्रीस और पुर्तगाल जैसे कई नाटो सदस्य देशों के एक हजार से अधिक सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।

10. हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में PM मत्स्य संपदा योजना के तहत 'डीप सी फिशिंग वेसल्स' का शुभारंभ कहाँ किया?



(A) कोच्चि

(B) चेन्नई

(C) मुंबई

(D) विशाखापट्टनम

**Important Facts:**

- केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने मुंबई के मझगांव डॉक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana) के तहत 'डीप सी फिशिंग वेसल्स' (गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाज) का उद्घाटन किया।
- यह पहल मत्स्य पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने और मछुआरों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) के महानिदेशक का कार्यभार किसने ग्रहण किया?**

(A) दिनेश कुमार शर्मा

(B) गोविंद गुप्ता

(C) विजय कुमार रस्तोगी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

💠क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine